प्रारंभ - 11:55 बजे ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Witness No. | **20** | for | **अभियोजन साक्ष्य** | Deposition taken |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| the | **15-03-2024** | day of | **शुक्रवार** | Witness's apparent age | **32 वर्ष** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| State on affirmation | **शपथपूर्वक** | my name is | **विकास जायसवाल** |
| S/of | **श्री केशव प्रसाद जायसवाल** | occupation | **पटवारी** |

| | |
|---|---|
| addres | **ग्राम दीपका, प०ह०नं० 50, तहसील दीपका, कोरबा, जिला-कोरबा छ०ग० ।** |

**<u>मुख्य परीक्षण द्वारा श्री राकेश जायवसाल ए०पी०पी० वास्ते अभियोजन</u>**

1. मैं जून 2022 से सितंबर 2023 तक ग्राम गेवरा पटवारी हल्का नंबर 36 , तहसील कटघोरा में हल्का पटवारी के पद पर पदस्था था । मेरी पदस्थापना के दौरान थान कुसमुंडा के अपराध क्रमांक 250/2022 धारा 302 भा०द०वि० के प्रकरण में घटनास्थल का नजरीनक्शा हल्का पटवारी से तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु आवेदन थाना कोतवाली कुसमुडा के द्वारा तहसीलदार दीपका को दिया गया था, जिसमें तहसीलदार दीपका के द्वारा मुझे घटनास्थल का नजरीनक्शा तैयार करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके परिपालन में घटनास्थल जाकर गवाहों के समक्ष नजरीनक्शा दिनाँक् 10-07-2022 को तैयार किया था जो कि **प्र०पी० 15** है जिसके **ब** से **ब** भाग पर मेरे हस्ताक्षर है ।

**<u>प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री एम०एन० अंसारी अधिवक्ता वास्ते आरोपी</u>**

2. यह कहना सही है कि मैं नजरीनक्शा के गवाहों को उपस्थित होने के लिये नोटिस नहीं दिया था । यह कहना गलत है कि नजरीनक्शा मैं ऑफिस में बैठकर

साक्षी के हस्ताक्षर :—

तैयार किया हूँ। यह कहना सही है कि मैं अपने नजरीनक्शाा में खसरा नंबर का उल्लेख नहीं किया हूँ। यह कहना गलत है कि नजरीनक्शा तैयार करने हेतु आदेश मुझे थाने वाले दिये थे। यह कहना गलत है कि मुझें थाने वाले जैसा-जैसा बताये वैसे ही नक्शा तैयार कर दिया। यह कहना सही है कि मेरे द्वारा दर्शाये गये रोड में कहाँ से कहाँ जाने वाली रोड है इसका उल्लेख नहीं किया हूँ। यह कहना गलत है कि मैंने कहाँ से कहाँ जाने वाली रोड है इसका उल्लेख इसलिये नहीं किया है क्योकि मैं घटनास्थल नहीं गया था।

गवाह को बयान पढ़कर सुनायां गया।
गवाह ने सही होना स्वीकार किया।

सही/-
(श्री वेन्सेस्लास टोप्पो)
प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश
कटघोरा, जिला-कोरबा छ०ग
समाप्त-12:04 बजे।

मेरे निर्देशानुसार टंकित किया गया।

सही/-
(श्री वेन्सेस्लास टोप्पो)
प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश
कटघोरा, जिला-कोरबा छ०ग

VENSESLAS TOPPO
Digitally signed by VENSESLAS TOPPO

साक्षी के हस्ताक्षर :—